Title : Regarding the extended tenure of Sh. Praful Patel on the post of Administrator of Daman and Diu and Dadra and Nagar Haveli

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) : सभापति महोदया, मैं आपके समक्ष एक महत्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूं। केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव में वर्तमान प्रशासक पद पर नियुक्त श्री प्रफुल पटेल जी इस पद पर पिछले आठ वर्षों से कार्यरत हैं, जबकि किसी भी यूटी में प्रशासक का कार्यकाल सिर्फ तीन साल का होता है। राज्यपाल, उप-राज्यपाल, सबका कार्यकाल पांच साल का होता है। यहां तक कि राष्ट्रपति जी का कार्यकाल भी पांच साल का ही होता है। ऐसे में प्रशासक श्री प्रफुल पटेल जी का आठ साल का कार्यकाल हमारी समझ से परे है। हमारी सरकार की नीति रही है कि प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की नियत समय पर बदली होनी चाहिए, जिससे पारदर्शिता से कार्य हो सके। इस कारण प्रशासक का ऐसे पद पर पांच साल से ज्यादा का कार्यकाल सही नहीं है।

वर्तमान प्रशासक के कार्यकाल में प्रदेश में जो भी कार्य हुआ है, उसमें चरम पर भ्रष्टाचार हुआ है। आमजन दुखी और परेशान हैं। इनका कार्यकाल खत्म होने के बाद भी इस पद पर वे नियुक्त हैं, जबकि इस पद के लिए नियुक्ति के मापदंड भी वे पूरे नहीं करते हैं।

महोदया जी, मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि वर्तमान प्रशासक महोदय को हटाकर इस पद पर किसी ईमानदार सीनियर आईएएस अधिकारी को लगाया जाए, जिससे आमजन को भ्रष्टाचार से राहत मिल सके और हमारी सरकार की हो रही बदनामी से भी बचाया जा सके।

महोदया जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

धन्यवाद ।